भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.03.2023

आरेडिका में विश्व महिला दिवस की गूँज

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस 2023 के उपलक्ष्य में 1–8 मार्च तक महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम का शुभारम्भ हिन्दी चलचित्र अर्थ पर चर्चा के साथ किया गया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस एस कलसी ने विश्व महिला दिवस के शुभारम्भ पर सभी रेलवे महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण संगठन तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया जा रहा है।

आरेडिका के तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र एवं सरस्वती प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला स्वास्थ्य और भलाई पर जानकारी श्रीमती भूमिका सिंह,डायटीशियन के द्वारा दिया गया एवं अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, फन गेम प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का आयोजन आरेडिका में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का समापन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के मेडिटेशन सेमीनार द्वारा किया जाएगा। जिसमें आरेडिका की प्रतिभागी महिलाओं को ध्यानयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर आरेडिका की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

02/03/23

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी